# सफाईकर्मियों की हड़ताल, होली पर लगे कचरे के ढेर



**देवास/सोनकच्छ।** नगर परिषद स्वयं की लापरवाही की वजह से विगत कई महीनों से आर्थिक मार झेल रही है। नप में जरूरत से ज्यादा कर्मचारी होने की वजह से वह स्थायी कर्मचारियों को भी समय पर तनख्वाह नही दे पा रही है। जिसकी वजह से कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर है। वहीं नप में जवाबदार अधिकारी कोई एक्शन लेने को तैयार नही है।

नियमों के मुताबिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बार-बार हड़ताल करते है तो नप सीएमओ को अधिकार है कि वे उनकी सेवा समाप्त कर सकते हैं, लेकिन यहां सीएमओ हड़ताल में उनका साथ दे रहे हैं जो कि समझ से परे है। नप सीएमओ अमरदास सेनानी जो कि 3 मार्च तक अवकाश पर थे ने उनके द्वारा चाहा गया अर्जित अवकाश कम कर ड्यूटी पर लौट गए व शुक्रवार को एक माह का वेतन कर्मचारियों को दे दिया लेकिन कर्मचारियों की मांग थी कि, कर्मचारियों का पांच माह का वेतन रुका है उन्हें 3 माह का वेतन दिया जाएं अगर ऐसा नही होता है तो नगर में सफाई कार्य बंद कर दिया जाएगा।नप सीएमओ द्वारा उनकी मांग नही मानी तो शनिवार से सफाईकर्मियों ने सफाई व्यवस्था ठप कर दी है। सोनकच्छ नप पूरे प्रदेश में इकलौती ऐसी परिषद है जहां साल भर में आधा दर्जन से अधिक बार सफाईकर्मी हड़ताल पर चले जाते है और उन पर नप अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्रवाई प्रचलित नही की जाती है।

नप सफाईकर्मियों द्वारा बार बार हड़ताल पर जाने के कारण नगरवासी आक्रोशित है। उनका कहना है कि, नप में अधिकतम 80 नपकर्मियों की जरूरत है लेकिन यहां पर 189 कर्मचारी भर्ती कर रखे है। जिसमें अधिकांश ऐसे कर्मी भी है जो नियमों के विपरीत लगे है साथ ही शासन द्वारा उन्हें हटाने के आदेश भी जारी हो चुके है, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति व अधिकारियों के ढीले रवैये की वजह से उन्हें हटाया नही जा रहा है। जिसके कारण करीब 15 से 17 लाख का अतिरिक्त आर्थिक भार नप वहन कर रही है।

इतना ही नहीं यह राशि जो कि नगर की मूलभूत सुविधा के लिए आती है उसे तनख्वाह बांटने पर खर्च की जा रही है। साथ ही कई बार तनख्वाह बांटने के नाम पर विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्य की राशि इसमें लगा दी जाती है जिसके कारण विकास भी अवरूद्ध हो जाता है। लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि नप में एस्मा लागू किया जाएं ताकि कर्मचारी दादागिरी करते हुए बेवजह हड़ताल पर न जा सकें। इन कर्मचारियों की वजह से परेशानी नही उठानी पड़े।

**सफाई व्यवस्था ठप**

जगह-जगह कचरे का ढेर- सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में शनिवार को सफाई नही हो सकी। जिसके कारण मुख्य मार्ग सहित कॉलोनियों में कचरे इधर उधर बिखरा पड़ा रहा है। जिसके कारण स्वच्छता कर देने वाली नगर की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। वहीं स्कूलो के आसपास भी कचरे का ढेर पड़ा रहा है। जिसके कारण बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



# लायनेस क्लब देवास स्टार ने मनाया फाग उत्सव


**देवास।** लायनेस क्लब देवास स्टार की साधारण सभा और फाग उत्सव एरिया आफिसर लीनेस संगीता के निज निवास पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। डिस्ट्रिक्ट सह कोषाध्यक्ष अरूणा, एरिया ऑफिसर संगीता गोयल, डायरेक्टर रेणु शर्मा, रमा चौबे, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन राजश्री सोनी, कल्पना नाग, अध्यक्ष लीनेस डायरेक्टर सुषमा अरोडा, सचिव लीनेस माइक्रो चेयरपर्सन कुसुम अग्रवाल, क्लब मेंबर्स गीता खत्री, गिरिजा माहेश्वरी थे। इस अवसर पर सभी ने मस्ती के साथ फनी गेम्स,ओर हाऊजी खेला और रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# चित्रकार पवार की कलात्मक रंगोली प्रदर्शनी से होगी होली रंगीली

- शहीद भगतसिंह क्लब का
- अनूठा आयोजन

**देवास।** रंगों के त्यौहार, होली के अवसर पर रंगोली चित्रण, शायद मध्यप्रदेश में सिर्फ देवास की ही अनोखी परंपरा वर्षों से चली आ रही है। शहीद भगतसिंह क्लब के संयोजक अशोक कहार ने बताया कि, क्लब यह आयोजन विगत 15 वर्षों से लगातार करता आ रहा है। प्रख्यात चित्रकार मनोज पवार की कलात्मक रंगोली को देखने के लिए शहर के कला प्रेमियों को वर्षभर इंतजार रहता है। इस वर्ष मनोज पवार ने धार्मिक/सामाजिक/प्राकृतिक विषयों को चुना है, जो कि इस प्रकार से है- भारतीय सौन्दर्य (युवती), हिरण के बच्चे को दुलारती विश्नोई समाज की महिला, प्रभु श्रीराम जी की आराधना में लीन हनुमान जी, क्रोधित मॉ काली, शंकर भगवान पार्वती को महावर लगाते हुए, दृश्य चित्र, अमराई एवं भारतीय सीनेमा के हि-मैन धर्मेन्द्र की कलात्मक रांगोली बनाकर उन्हें श्रद्धांजली दी गई है, जो कि आपका मन मोह लेगी। क्लब के सभी सदस्यों ने इस अवसर पर देवास की सभी कला रसिक महानुभावों से अनुरोध है कि होली के दिन दिनांक 02.03.2026 को शालिनी रोड़ सायंकाल 07.00 बजे से सपरिवार, इष्ट मित्रों के साथ अवलोकन हेतु पधारकर आयोजन को सफल बनावें।





# पानी की टंकी बनी, सप्लाई अभी तक शुरू नहीं

**देवास।** ग्राम सुरमन्या में मध्य प्रदेश शासन द्वारा ग्रामीणों के लिए हर घर जल हर घर नल अभियान के तहत बनी कई लाखों रुपए की पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए शोपीस बनकर रह गई है। और जन चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि आगामी समय गर्मी का चालू हो गया है और ग्राम में पानी की समस्या है यह पानी की टंकी कोई एक दो माह से शोपीस नहीं है। जब से बनी है जब से अभी तक 3 वर्ष हो गए हैं तभी से शोपीस बनकर रह गई है और विभाग इसे अभी तक चालू भी नहीं करवा पाया है सुव्यवस्थित रूप से ठेकेदार द्वारा भी अपनी सूझबूझ से टंकी बना कर पैसा निकाल के काम कि इतिश्री कर ली । यह गांव जंगल में आता है और कोई बड़े जन प्रतिनिधि यह अधिकारी भी इस गांव में कम ही जाते हैं इसी का फायदा ठेकेदार ने उठाया ओर टंकी बनाकर शासन से आई राशि को निकाल के काम बंद कर दिया है। जिम्मेदारों का भी अभी इस ओर ध्यान नहीं है की गर्मी का सीजन आ गया है और टंकी से पानी का वितरण अभी तक नही हो पाया है । ग्राम के सरपंच एवं ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर देवास एवं जिला प्रभारी मंत्री उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री से पानी की टंकी चालू करवाने की मांग की हैं। ताकि पानी घर-घर नल से वितरण हो सके।



## एक नजर में

### चामुंडा टेकरी पर मधुमक्खियों का हमला, भगदड़



**देवास।** चामुंडा टेकरी स्थित छोटी माता मंदिर क्षेत्र में अचानक मधुमक्खियों के हमले से श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में एक ही परिवार 5 लोग सहित 8 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आयुष पिता सुनील कोठारी निवासी महू, उनकी माता सीमा पति सुनील कोठारी (43), नानी विनीता देवी पति राजेंद्र प्रसाद (62) सहित परिवार के अन्य सदस्य महू से देवास में चामुंडा माता के दर्शन करने आए थे। जब वे छोटी माता मंदिर क्षेत्र में पहुंचे तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड निकल आया और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के करीब पांच सदस्य सहित कुल लगभग 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को देवास जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही मां चामुंडा सेवा समिति के प्रभारी तहसीलदार कपिल गुर्जर जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। मीडिया से चर्चा में उन्होंने बताया कि छोटी माता मंदिर की ओर छत के पास से अचानक मधुमक्खियों का झुंड निकल आया, जिससे समिति के चार कर्मचारी और तीन से चार दर्शनार्थी घायल हुए हैं। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति सामान्य है और जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। कपिल गुर्जर ने बताया कि मधुमक्खियों के छत्ते को हटाने के लिए वन विभाग को सूचना दे दी गई है। वन मंडल के डिप्टी रेंजर श्याम शर्मा को निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद वन विभाग की टीम टेकरी क्षेत्र में पहुंचकर छत्ते को हटाने और परिसर की सफाई का काम शुरू कर चुकी है

### श्मशान भैरव मंदिर में किया पौधारोपण

**सोनकच्छ।** नगर की कालीसिंध नदी के तट पर स्थित श्री श्मशान भैरव मंदिर पर टीआई अजय गुर्जर ने पीपल, बादाम आदि पौधे का रोपण किया। इससे पूर्व टीआई ने यहां पर विराजित बाबा भैरव की प्रतिमा के दर्शन किए। पश्चात मंदिर के पुजारी व शिवशक्ति अघोरी धाम के अघोरी बाबा घनश्याम नाथ द्वारा मंत्रो उच्चार कर पौधे रोपण की स्थान का पूजन किया व उसके बाद वहां पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धाम के भक्त उपस्थित थे। टीआई गुर्जर ने बताया कि, वे अपनी ओर से पर्यायवरण संरक्षण की दृष्टि से 50 पौधे का रोपण करेंगे।

### दो दिवसीय मेघनाथ मेले का आयोजन कल से

**सोनकच्छ ।** समीपस्थ ग्राम घटिर्यिां भाना में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह मेला दो दिन के लिए लगेगा। मेला दिनांक 2 मार्च पूर्णिमा से प्रारंभ होकर 3 मार्च धुरेड़ी तक चलेगा।मेला समिति द्वारा इस मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूले, घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें एवं जलेबी की दुकानें लगेगी। दो दिवसीय इस आयोजन में रात्रि में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र गल महाराज की परिक्रमा रहेगी। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम है।

# सिविल अस्पताल कन्नौद में एचपीवी टीकाकरण अभियान का उद्घाटन

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता गोविंदा धूत रुपेश यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शुभारंभ के अवसर पर बीएमओ डॉक्टर लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत आज से की जा रही है आज से प्रारंभ में सिविल अस्पताल कन्नौद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास पर एचपीवी टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष उम्र की बालिकाओं को एचपीवी का एक टीका लगाया जावेगा। जिन किशोरी बालिकाओं ने अपना 14 वा जन्मदिन मना लिया हो तथा 15 वा जन्मदिन नहीं मनाया हो वह किशोरी बालिका इस वैक्सीन को लगाने हेतु पात्र होगी यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु प्रभावी होगा।

# मराठी भाषी होते हैं सुसंस्कृत, मातृभाषा का गौरव बनाए रखते हैं : डॉ . सुपेकर

- बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 74 वें अधिवेशन का शुभारंभ





**देवास।** शहर के मंडी व्यापारी धर्मशाला में बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 74वें तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का भव्य शंखनाद हुआ। अधिवेशन के प्रथम दिवस के अवसर पर मराठी भाषा गौरव दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या शब्दस्वरांचा सुवर्ण प्रवास का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा सुपेकर (डीन, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन) एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष मिलिंद महाजन, मण्डल के प्रधान कार्यवाह दिलीप कुंभोजकर, समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे एवं महिला उपाध्यक्ष पूनम कुलकर्णी मंचासीन रहे। अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव एवं शिरीष खड़ीकर ने बताया कि अतिथियों का स्वागत पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। दिव्या गोटी ने मुख्य अतिथि डॉ. सुपेकर को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**सुरमयी सांस्कृतिक प्रस्तुति**

अधिवेशन के पहले दिन शब्दस्वरांजली समूह, इंदौर द्वारा मराठी साहित्यकार कवि कुसुमाग्रज की कालजयी रचनाओं को स्वरबद्ध कर प्रस्तुत किया गया। मुख्य गायक वैशाली बकोरे और राजेंद्र गलगले की सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का भावपूर्ण पठन और कुशल संचालन जया गाडगे, वैजयंती दाते और अल्का फणसे द्वारा किया गया।

# अस्थाई अतिक्रमण हटाने की निगम ने की कार्रवाई



**देवास।** नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गो चौराहों पर व्यवसायिकों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण किया गया है। जिसको हटाए जाने का कार्य नगर निगम द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में केला माता मंदिर के मुख्य मार्ग पर छोटे व्यवसाई एवं बड़े व्यवसाईयों के द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय चला रहे हैं।

इनको नगर निगम द्वारा पूर्व में समझाईश भी दी गई थी तथा छोटे व्यवसायको के लिए शारदा माता मंदिर के पीछे निगम की खुली भूमि पर अपना व्यवसाय चलाये जाने के लिए कहा गया था किंतु छोटे व्यवसाय ठेला द्वारा सडक पर अतिक्रमण कर तथा दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने रोड पर अतिक्रमण कर अपनी हदों से आगे आकर सामग्री बिक्री कर व्यवसाय किया जा रहा है। जिसको हटाये जाने का कार्य आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में किया गया। बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य चौराहे के रोड पर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान पर सामान हटाए जाने की कार्रवाई कर रूपये 10 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। इसी के साथ अन्य दुकानों के सामान भी जप्त किए गए एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया और हिदायत दी गई कि भविष्य में अतिक्रमण किया जाता है तो पुनरू कार्रवाई कर सामग्री जप्त कर ली जावेगी। कार्रवाई में निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हमेन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, संदीप, विजय, अनूप सांगते, दरोगा अबरार पठान व रिमूवल गैंग उपस्थित रही।

## एक नजर में — विज्ञान के नवाचारों पर हुई प्रतियोगिताएं

# कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**देवास।** स्थानीय महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी 2026) के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को बड़ी सहजता से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम का कुशल संचालन कर रहीं प्रो. शर्मिला काटे, डॉ. अनुपमा तिवारी एवं प्रो प्रीति तगाया द्वारा प्राचार्य एवं उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का आधार है। उन्होंने छात्राओं को शोध और नवाचार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विज्ञान की विभिन्न थीम पर पोस्टर बनाए। इनके माध्यम से कठिन सिद्धांतों को चित्रों और रंगों के जरिए सरलता से समझाया गया। छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर वर्किंग मॉडल बनाकर अपनी तकनीकी दक्षता और प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार रखने के लिए 2 मिनट का समय दिया गया। छात्राओं ने कम समय में विषय का सारगर्भित एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया क्रमश अनुष्का पारस, अंकिता मालवीय, अलीशा ख़ान और आशिफ़ा ख़ान। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया रौशनी, नंदिनी, दीपिका और पलक के समूह ने और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया शारदा शिंदे , योगिता , पायल और भावना के समूह ने।




**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर ( सेण्ट्रल ) रूल्स 1956 के अंतर्गत 'नवभारत' पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा**

**( फार्म-4 )**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 2. प्रकाशन रूप | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक | : | आशुतोष उपाध्याय |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 4. प्रकाशक | : | आशुतोष उपाध्याय |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 5. संपादक | : | क्रांति चतुर्वेदी |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 6/54, फिरोज गांधी प्रेस परिसर इंदौर |
| 6. पत्र का स्वामित्व भागीदार | : | रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. |
| भागीदार अथवा 1 प्र.श. | : | |
| अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | ब्रज माहेश्वरी |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 'नवभारत' निलयम, ई-3/22, अरेरा कालोनी, भोपाल- 462 016 |

मैं आशुतोष उपाध्याय घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

**आशुतोष उपाध्याय**
**प्रकाशक**

**दिनांक 1 मार्च 2026**